**बिहार सरकार**
**शिक्षा विभाग**
**बिहार राज्य मध्याह्न भोजन योजना समिति**

**कार्यालय–आदेश**

संचिका संख्या........................................./ 641 पटना, दिनांक 05/05/15

मासिक ऑन लाईन MIS mdmsbihar.org में प्रत्येक माह प्रखंड साधन सेवी द्वारा अपने–अपने प्रखंड के सभी विद्यालयों का मासिक डेटा ऑन लाईन MIS में प्रविष्टि किया जाता है । मध्याह्न भोजन योजना, बिहार के मासिक MIS से मानव संसाधन विभाग मंत्रालय, भारत सरकार के मासिक MIS website trgmdm.nic.in में प्रत्येक माह डेटा पोर्ट करना आवश्यक है। विगत दो वर्षो से सभी जिलों द्वारा वर्ष के अंत में एक साथ एक साल का डेटा ऑफ लाईन मोड में पोर्ट किया जा रहा है, जिसके कारण offline mode में एक साथ इतना सारा डेटा पोर्ट करने पर काफी कठिनाईयों का सामना करना पड़ता है।

इस संबंध में सभी जिलों के जिला समन्वयक/जिला साधन सेवी/जिला स्तर पर प्रतिनियुक्त प्रखंड साधन सेवी को भारत सरकार के MIS में डेटा पोर्ट करने का प्रशिक्षण निदेशालय द्वारा पूर्व में दिया जा चुका है। ज्ञातव्य है कि पूर्व में ही सभी जिलों को offline mode में डेटा पोर्ट करने से संबंधित Software उपलब्ध कराया जा चुका है।

अतः सभी जिला कार्यक्रम पदाधिकारी, मध्याह्न भोजन योजना को आदेश दिया जाता है कि मध्याह्न भोजन योजना, बिहार के मासिक MIS से भारत सरकार के मासिक MIS website trgmdm.nic.in में अपने–अपने जिलों के प्रत्येक माह का डेटा ससमय पोर्ट करना सुनिश्चित करेगें।

(संजीवन सिन्हा)
निदेशक,
मध्याह्न भोजन योजना,
बिहार, पटना।

ज्ञापांकः–..........641........../पटना, दिनांक..........05/05/15
प्रतिलिपिः– सभी जिला प्रभारी पदाधिकारी, मध्याह्न भोजन योजना, बिहार को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

(संजीवन सिन्हा)
निदेशक,
मध्याह्न भोजन योजना,
बिहार, पटना।

ज्ञापांकः–..........641........../पटना, दिनांक..........05/05/15
प्रतिलिपिः–सभी सहायक कार्यक्रम समन्वयक, मध्याह्न भोजन योजना, निदेशालय एवं पोषाहार विशेषज्ञ, मध्याह्न भोजन योजना निदेशालय, पटना, बिहार को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित। साथ ही यह भी निर्देश दिया जाता है की प्रत्येक माह निदेशालय द्वारा आवंटित अपने–अपने जिलों से समन्वय स्थापित कर भारत सरकार के मासिक MIS website trgmdm.nic.in में डेटा पोर्ट करवाना सुनिश्चित करेंगे।

(संजीवन सिन्हा)
निदेशक,
मध्याह्न भोजन योजना,
बिहार, पटना।